न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, बगोदर सरिया (गिरिडीह)

30/7/15 वाद संख्या 326/15

किशुन यादव वगै० बनाम ज्ञानी यादव वगै० प्रथम पक्ष

द्वितीय पक्ष

धारा 144 द० प्र० सं० के अन्तर्गत कार्यवाही / ~~नोटिस~~।

स्थानीय पुलिस बगोदर थाना से प्राप्त प्रतिवेदन, जिसे पुलिस निरीक्षक द्वारा अग्रसरित किया गया है, के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि भूमि विवाद

के कारण उभय पक्ष के बीच शांति-भंग होने की आशंका है एवं उभय पक्ष टकराव के लिए तत्पर है, जिसके कारण उस क्षेत्र में शांति-भंग, खून-खराबा तथा उपद्रव हो सकता है, जो मेरे अधिकार क्षेत्र में आता है। इस बात से मैं संतुष्ट हूँ कि इस मामले में टकराव को दूर करने तथा इलाके में शांति बनाये रखने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई आवश्यक है।

इन तथ्यों में आलोक में उभय पक्ष के विरूद्ध धारा 144 द० प्र० सं० के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ किया जाता है तथा उभय पक्ष को 60 दिनों के लिए विवादग्रस्त भूमि पर या उसके नजदीक जाने अथवा किसी भी तरह का कार्य करने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है तथा रोका जाता है साथ ही उभय पक्ष से दिनांक 14/08/2015 के कारण-पृच्छा की मांग की जाती है कि क्यों नहीं एक या दोनों पक्षों के विरूद्ध निरोधात्मक आदेश को सम्पुष्ट किया जाय।

विवादाग्रस्त भूमि का विवरण

मौजा - बगोदरडीह, थाना - बगोदर
खाता नं० - 107/542, प्लाट नं० - 7229/7584 रकबा - एक5डी०
चौहद्दी :- उ० - जंगल झाड़ी, द० - जंगल झाड़ी, पू० - मोरा आर
गैरआबाद

अनु० दण्डा० 30/7/15

अनु० दण्डा० 30/7/15
बगोदर-सरिया

14-08-15 उभय पक्ष अनु०।
अभिलेख 21/08/15 को रखें।

अनु० दण्डा० 14/8/15

सिंहासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
अभिलेख 02-09-15 को रखें।

अनु० दण्डा०

02-09-15 प्रथम पक्ष वकालतन हाजिर है।
द्वितीय पक्ष अनु०।
सिंहासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
अभिलेख 11-09-15 को रखें।

अनु० दण्डा०

11-09-15 प्रथम पक्ष वकालतन हाजिर एवं कारणपृष्ठा दाखिल किया गया।
द्वितीय पक्ष अनु०। सिंहासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
अभिलेख 23/09/15 को रखें।

अनु० दण्डा०

23-09-15 प्रथम पक्ष वकालतन हाजिर है।
द्वितीय पक्ष अनु०।
अभिलेख 30/9/15 को रखें।

23/9/15
अनु० दण्डा०

30/9/15 प्रथम पक्ष अनु०।
सिंहासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
अभिलेख 14/10/15 को रखें।

अनु० दण्डा०

14/10/15 अभिलेख उपस्थापित।
वाद की प्रक्रिया की कार्यवाही समाप्त होने के कारण वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

14/10/15
अनु० दण्डा०
बगोदर-सरिया

Digitally signed by KUNDAN KUMAR
Date: 2021.09.25 13:20:01 +05:30
Location: 192.168.43.238